Regarding need to improve passenger facilities at Gholvad Railway Station, Palghar district, Maharashtra-Laid

डॉ**.** हेमंत विष्णु सवरा **(**पालघर**) :** घोलवड रेलवे स्टेशन, पालघर जिला (महाराष्ट्र) का उपयोग बड़ी संख्या में दैनिक यात्री, विद्यार्थी और कामकाजी लोग करते हैं, लेकिन प्लेटफ़ॉर्म संख्या 1 का उपयोग नहीं होता है । जिससे यात्रियों को असुविधा और असुरक्षित आवागमन का सामना करना पड़ता है । विशेष रूप से बुजुर्गों, दिव्यांगजनों और छोटे बच्चों के लिए यह और भी कठिन हो जाता है । इसके अलावा, यात्रियों की सुविधा के लिए एस्केलेटर और फुटओवर ब्रिज की भी जरूरत है । हाल ही में कई लोकल ट्रेनों को एक्सप्रेस श्रेणी में परिवर्तित कर दिया गया है, जिससे यात्रियों को अतिरिक्त किराया देना पड़ रहा है । इससे मध्यम एवं निम्न आय वर्ग के दैनिक यात्रियों को आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है ।घोलवड रेलवे स्टेशन से रिटर्न टिकट की सुविधा उपलब्ध नहीं है, जिससे यात्रियों को दहानू रोड स्टेशन से टिकट खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ता है जिससे उन्हें अतिरिक्त यात्रा करनी पड़ती है । मैं सरकार से आग्रह करता हूँ कि घोलवड रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या 1 का शीघ्र उपयोग किया जाए तथा एस्केलेटर और फुटओवर ब्रिज की व्यवस्था की जाए ।लोकल ट्रेनों को एक्सप्रेस में बदले जाने की नीति पर पुनर्विचार किया जाए और स्थानीय यात्रियों को विशेष रियायत दी जाए ।घोलवड रेलवे स्टेशन पर रिटर्न टिकट जारी करने की सुविधा बहाल की जाए ।